0रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 409] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, जून 25, 2015/आषाढ़ 4, 1937
No. 409] NEW DELHI, THURSDAY, JUNE 25, 2015/ASHADHA 4, 1937

वित्त मंत्रालय
(आर्थिक कार्य विभाग)
अधिसूचना

नई दिल्ली, 24 जून, 2015

सा.का.नि. 512(अ).—केंद्रीय सरकार, सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उप-धारा (2) के खंड (घ) और (ड.) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.—(1) इन नियमों को **"डॉ. एस. राधाकृष्णन की 125वीं जयंती"** के उपलक्ष्य में एक सौ पच्चीस रुपए और दस रुपए के सिक्कों का निर्माण नियमावली, 2015 कहा जा सकेगा।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. सिक्कों का अंकित मूल्य.—"डॉ. एस. राधाकृष्णन की 125वीं जयंती" के उपलक्ष्य में केंद्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन, जारी करने के लिए टकसाल में निम्नलिखित अंकित मूल्य के सिक्कों का निर्माण भी किया जाएगा, अर्थात्:-

(i) एक सौ पच्चीस रुपए;

(ii) दस रुपए।

3. सिक्कों की विमा और संरचना- नियम 2 में उल्लिखित अंकित मूल्य के सिक्के निम्नलिखित विमाओं और संरचना के अनुरूप होंगे, अर्थात्:—

सिक्के का अंकित मूल्य	आकृति और बाह्य व्यास	दांते की संख्या	धात्विक संरचना
(1)	(2)	(3)	(4)
एक सौ पच्चीस रुपए	वृत्ताकार 44 मिलीमीटर	200	**चतुष्क मिश्रधातु** रजत- 50 प्रतिशत तांबा- 40 प्रतिशत निकल- 05 प्रतिशत जस्ता- 05 प्रतिशत

दस रुपए	वृत्ताकार 27 मिलीमीटर (द्विधात्विक)	--	**बाहरी वलय** (एल्युमिनियम कांस्य) तांबा- 92 प्रतिशत एल्युमिनियम- 06 प्रतिशत निकल- 02 प्रतिशत **केन्द्रीय भाग** (कुप्रो-निकल) तांबा - 75 प्रतिशत निकल 25 प्रतिशत

4. **डिजाइन.—**सिक्कों का डिजाइन निम्नानुसार होगाः-

(i) <u>एक सौ पच्चीस रुपये</u>

अग्रभागः

सिक्के के अग्रभाग पर मध्य में **अशोक** स्तंभ का सिंह शीर्ष होगा जिसके नीचे आदर्श वाक्य **"सत्यमेव जयते"** लिखा होगा, उसकी बायीं परिधि पर देवनागरी लिपि में **"भारत"** और दायीं परिधि पर अंग्रेजी में **"INDIA"** होगा, और सिंह शीर्ष के नीचे रुपये का प्रतीक **"₹"** और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"125"** भी होगा।

पृष्ठभागः

सिक्के के इस भाग पर मध्य में **"डॉ. एस. राधाकृष्णन"** का चित्र होगा जिसके साथ ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में **"डॉ. एस. राधाकृष्णन की 125वीं जयंती"** तथा निचली परिधि पर अंग्रेजी में "**125TH BIRTH ANNIVERSARY OF DR. S. RADHAKRISHNAN**" उत्कीर्णित होगा। डॉ एस. राधाकृष्णन के चित्र के नीचे अंतर्राष्ट्रीय अंकों में "1888-2013" लिखा होगा।

(ii) <u>दस रुपये</u>

अग्रभागः

सिक्के के अग्रभाग पर मध्य में **अशोक** स्तंभ का सिंह शीर्ष होगा जिसके नीचे आदर्श वाक्य **"सत्यमेव जयते"** लिखा होगा, उसकी बायीं परिधि पर देवनागरी लिपि में **"भारत"** और दायीं परिधि पर अंग्रेजी में **"INDIA"** होगा, और सिंह शीर्ष के नीचे रुपये का प्रतीक **"₹"** और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"10"** भी होगा।

पृष्ठभागः

सिक्के के इस भाग पर मध्य में **"डॉ. एस. राधाकृष्णन"** का चित्र होगा जिसके साथ ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में **"डॉ. एस. राधाकृष्णन की 125वीं जयंती"** तथा निचली परिधि पर अंग्रेजी में "**125TH BIRTH ANNIVERSARY OF DR. S. RADHAKRISHNAN**" उत्कीर्णित होगा। डॉ एस. राधाकृष्णन के चित्र के नीचे अंतर्राष्ट्रीय अंकों में "1888-2013" लिखा होगा।

5. मानक भार और अनुमत छूट.—"डॉ. एस. राधाकृष्णन की 125वीं जयंती" के उपलक्ष्य में निर्मित, निम्नलिखित अंकित मूल्यों के सिक्कों का मानक भार और ऐसे सिक्कों के निर्माण में अनुमत छूट नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रूप में होगीः-

IndiaCode

सारणी

सिक्के का अंकित मूल्य	मानक भार	अनुमत छूट	
		संरचना में	मानक भार में
(1)	(2)	(3)	(4)
एक सौ पच्चीस रुपए	35 ग्राम	चांदी के लिए 1/500वां जमा या घटा अर्थात् चांदी का अंश प्रति 1000 498 से 502 के बीच हो सकेगा।	1/100वां जमा या घटा अर्थात् भार 34.65 ग्राम से 35.35 ग्राम तक हो सकता है।
दस रुपए	7.71 ग्राम (बाहरी वलय 4.45 ग्राम और केन्द्रीय भाग 3.26 ग्राम)	**बाहरी वलय** (एल्युमिनियम कांस्य) एल्युमिनियम -5.5 प्रतिशत से 6 प्रतिशत तक, निकल- 1.75 प्रतिशत से 2 प्रतिशत तक तथा शेष तांबा। **केन्द्रीय भाग** (कुप्रो-निकल) तांबा और निकल दोनों के लिए 1 प्रतिशत कम या ज्यादा, अर्थात् तांबा 74 प्रतिशत से 76 प्रतिशत तथा निकल 24 प्रतिशत से 26 प्रतिशत हो सकता है।	2.5 प्रतिशत कम या ज्यादा अर्थात् भार 7.52 ग्राम से 7.90 ग्राम तक हो सकता है।

[फा. सं. 04/16/2014-सिक्का]

पंकज गुप्ता, अवर सचिव, (एसपीएमसी और सिक्का)

IndiaCode

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economic Affairs)

NOTIFICATION

New Delhi, the 24th June, 2015

G.S.R. 512(E).—In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of Section 24 of the Coinage Act, 2011 (11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely:—

1. **Short title and commencement.—**(1) These rules may be called the Coinage of One Hundred Twenty Five Rupees and Ten Rupees Coins to commemorate the occasion of **125TH BIRTH ANNIVERSARY OF DR. S. RADHAKRISHNAN** Rules, 2015.

   (2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Denomination of coins**.—The coins of the following denominations shall also be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government to commemorate the occasion of "**125TH BIRTH ANNIVERSARY OF DR. S. RADHAKRISHNAN**", namely:—

   1. One Hundred Twenty Five Rupees;

   2. Ten Rupees.

3. Dimension, composition of coins.—The coins of the denominations mentioned in rule 2 shall conform to the following dimensions and composition, namely:—

Denomination of coin	Shape and outside diameter	Number of serrations	Metal composition
(1)	(2)	(3)	(4)
One Hundred Twenty Five Rupees	Circular 44 millimeters	200	**Quaternary Alloy** Silver - 50 per cent. Copper -40 per cent. Nickel - 05 per cent. Zinc - 05 per cent.
Ten Rupees	Circular 27 millimeters (Bi-Metallic)	---	**Outer Ring** (Aluminium Bronze) Copper- 92 per cent. Aluminium-6 per cent. Nickel-2 per cent. **Center Piece** (Cupro Nickel) Copper-75 per cent. Nickel-25 per cent.

4. **Design**.—The design of the coins shall be as under:—

(i) ONE HUNDRED TWENTY FIVE RUPEES

OBVERSE:

The face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the center with the legend "सत्यमेव जयते" inscribed below, flanked on the left periphery with the word "भारत" in Devnagri script and on the right periphery flanked with the word "INDIA" in English and it shall also bear the Rupee symbol "₹" and denominational value "**125**" in the international numerals below the Lion Capitol.

IndiaCode

REVERSE:

The face of the coin shall bear the portrait of "**Dr. S. RADHAKRISHNAN**" in the center, with inscription **"डॉ. एस. राधाकृष्णन की 125वीं जयंती"** in Devnagri script on upper periphery and "**125TH BIRTH ANNIVERSARY OF DR. S. RADHAKRISHNAN**" in English on the lower periphery respectively. The year's figure "1888-2013" shall be written in international numerals below the portrait of Dr. S. Radhakrishnan**.**

(ii) TEN RUPEES

OBVERSE:

The face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the center with the legend "**सत्यमेव जयते**" inscribed below, flanked on the left periphery with the word "**भारत**" in Devnagri script and on the right periphery flanked with the word "INDIA" in English and it shall also bear the Rupee symbol "**₹**" and denominational value "10" in the international numerals below the Lion Capitol.

REVERSE:

The face of the coin shall bear the portrait of "**Dr. S. RADHAKRISHNAN**" in the center, with inscription **"डॉ. एस. राधाकृष्णन की 125वीं जयंती"** in Devnagri script on upper periphery and "**125TH BIRTH ANNIVERSARY OF DR. S. RADHAKRISHNAN**" in English on the lower periphery respectively. The year's figure "1888-2013" shall be written in international numerals below the portrait of Dr. S. Radhakrishnan**.**

5. Standard weight and remedy allowed.—The standard weight of the coins of the following denominations, coined to commemorate the occasion of **"125TH BIRTH ANNIVERSARY OF DR. S. RADHAKRISHNAN"** and the remedy allowed in making of such coins shall be as specified in the Table below:—

TABLE

Denomination of coin	Standard weight	Remedy allowed	
		In composition	In standard weight
(1)	(2)	(3)	(4)
One Hundred Twenty Five Rupees	35 Grams	1/500th plus or minus for Silver, that is to say the Silver content may vary from 498 to 502 per 1000.	1/100th plus or minus, that is to say, the weight could vary from 34.65 grams to 35.35 grams.
Ten Rupees (Bi-Metallic)	7.71 Grams (outer ring 4.45 grams and center piece 3.26 grams)	**Outer Ring**- (Aluminium-Bronze) Aluminium 5.5 per cent to 6 percent, Nickel-1.75 per cent to 2 per cent and remainder are copper. **Centre piece—**(Cupro-Nickel) plus or minus 1 per cent for both copper and Nickel that is to say, the copper may vary from 74 per cent to 76 per cent and Nickel from 24 per cent to 26 per cent.	Plus or minus 2.5 per cent that is to say, the weight could vary from 7.52 grams to 7.90 grams.

[F. No. 04/16/2014-Coin]

PANKAJ GUPTA, Under Secy. (SPMC and Coin)

IndiaCode

Printed by the Manager, Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.